Title: Need to take steps for implementation of Yamuna Water Agreement to solve the drinking water problem in Churu district of Rajasthan - Laid.

श्री रामसिंह कस्वां (चूरू): मेरे संसदीय क्षेत्र चुरू (राज0) की जनता यमुना जल समझौते को लागू करने की मांग काफी समय से करती आ रही है। चुरू जिला रेतीले भूभाग वाला क्षेत्र है, यहां के लोग सिचाई एवं पेयजल हेतु वार्ा व कुओं पर निर्भर रहते हैं। विगत कई वर्ो से यह जिला निरन्तर अनावृटि व अकाल की विभीाका से जूझ रहा है। कुओं का जल स्तर काफी नीचे चला गया है जिससे सिंचाई तथा पेयजल का अभाव हो गया है।

उपरोक्त विाम परिस्थितियों के कारण इस जिले में सिंचाई एवं पेयजल हेतु यमुना जल समझौते को क्रियान्वित करना अत्यंत आवश्यक है। उक्त समझौते से राजस्थान के हिस्से में 2350 क्यूसिक पानी आपूर्ति का करार हुआ है जिसमें चुरू जिला का हिस्सा 850 क्यूसेक है। यह पानी हरियाणा के हाँसी से शूँपा होते हुए राजगढ़ तहसील, राजस्थान में आयेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि चुरू जिले की विशेा परिस्थितियों को देखते हुए यमुना जल समझौते को लागू करवा कर इस संबंध में राजस्थान सरकार को आवश्यक निर्देश देने का कट करें।